कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.10.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

इंटर हाऊस स्पर्धाएं प्रारंभ

डॉज बॉल में पिंक हाऊस विजेता

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के क्रीडाविभाग के तत्वाधान में इंटर हाऊस प्रतियोगिताऐं प्रारंभ हुई। क्रीडाधिकारी डॉ0 ऋतु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं के चार हाऊस ब्लू, रेड, पिंक व यलो हाऊस बनाए गए हैं।

इन हाऊस के मध्य विभिन्न रोचक खेलों की प्रतियोगिता प्रति सप्ताह शनिवार को आयोजित की जा रही है। आज प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के छात्राओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने इस तरह की प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण होती है। अधिक से अधिक छात्राओं की भागीदारी हो इसलिए हाऊस बनाए गए हैं। प्रारंभ से सभी हाऊस ने मार्चपास्ट कर सलामी दी।

आज डॉज बॉल प्रतियोगिता हुई जो लीग आधार पर खेली गई। पहला मैच रेड हाऊस एवं ब्लू हाऊस के मध्य खेला गया जिसमें रेड हाऊस ने ट्राइब्रेकर में 10 अंक से विजयी रहा। ब्लू हाऊस की कप्तान कु0 नौसिन थी। दूसरा मैच यलो एवं पिंक हाऊस के मध्य खेला गया जिसमें पिंक हाऊस 09 अंक से ट्राइब्रेकर में विजयी हुआ। यलो हाऊस की कप्तान कु0 आमनी साहू थीं। तीसरा लीग मैच रेड एवं पिंक हाऊस के बीच हुआ जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पिंक हाऊस 09 अंक से विजयी रहा। पिंक हाऊस की कप्तान कु0 आरती सिंह तथा रेड हाऊस की कप्तान कु0 लक्ष्मी साहू थी। विजयी टीम को वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने बधाई दी।

इस अवसर पर क्रीडा समिति की डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 मंजूलता साव, श्री जागृत ठाकुर एवं श्री विमल यादव उपस्थित थे। बड़ी संख्या में छात्राओं ने भागीदारी दी।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

स